# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।

जल सारथी

फोन नं0–05882–297788
सी0यू0जी0 नं0– 9151919411
Email – jalnigam_plb@yahoo.in


पत्रांकः 3620 / पंचायत कार्य / 34 दिनांकः 02/09/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
पीलीभीत।

विषय :– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 31.08.2026 में शीर्षक **''जल जीवन मिशन पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क बदहाल, गजरौला कलां में गड्डों से स्कूली बच्चों, बुजुर्गो को आवागमन में परेशानी''** से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 31.08.2026 में प्रकाशित शीर्षक **''जल जीवन मिशन पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क बदहाल, गजरौला कलां में गड्डों से स्कूली बच्चों, बुजुर्गो को आवागमन में परेशानी''** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड– मरौरी की गजरौला कलां मु0 पाइप पेयजल योजना में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम(फेज–3) के अन्तर्गत चयनित फर्म– मै० विश्वराज इनवायरमेन्ट लि०, नागपुर द्वारा कराया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत ट्यूबवैल, शिरोपरि जलाशय, पम्प हाउस, सोलर अधिष्ठापन, बाउन्ड्रीवॉल, पाइप लाइन 17.1 कि0मी0 के सापेक्ष 13.1 कि०मी० का कार्य पूर्ण एवं गृह संयोजन 1318 नग के सापेक्ष 540 नग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, तथा पाइप लाईन बिछाने हेतु 6.92 कि0मी0 तोड़ी/काटी गयी सड़क के सापेक्ष 6.41 कि0मी0 सड़क का पुर्नस्थापना कार्य कराया गया है। शेष 510 मी0 सड़क पुर्नस्थापना कार्य मस्जिद जाने वाले मुख्य मार्ग पर मुहर्रम पर्व के दृष्टिगत ग्रामवासियों द्वारा सड़क पुनर्स्थापना का कार्य पर्व के उपरान्त कराए जाने का अनुरोध किया गया था, जिसके क्रम में स्थानीय ग्रामवासियों की भावनाओं का सम्मान रखते हुए सड़क पुनर्स्थापना का कार्य अस्थायी रूप से स्थगित रखा गया। फर्म द्वारा शेष 510 मी0 सड़क पुर्नस्थापना कार्य को इस माह के अंत तक पूर्ण करा दिया जायेगा। योजनान्तर्गत सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर विगत 06 माह से शिरोपरि जलाशय के माध्यम से ग्राम में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

साथ ही योजना के समस्त अवशेष कार्यो को माह मार्च, 2027 तक पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत जनोपयोगी बनाया जाना लक्षित है।

**संलग्नक फोटोग्राफ।**


भवदीय


02.9.26
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं०एवं दिनांकःउपरोक्तानुसार।**
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(मु0क्षे0) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बरेली।
4. जिला सूचना अधिकारी, पीलीभीत।
5. श्री मो० शफीक, सहायक अभियन्ता/श्री सर्वेश बाबू, जूनियर इंजीनियर।
6. परियोजना प्रबन्धक, मै०– विश्वराज इनवायरमेन्ट लि०, पीलीभीत।

**अधिशासी अभियन्ता**


Aug 23, 2026 11:10:45 AM
28.52602129N 79.92595896E
Gajraula Kalan Mustqil
Bareilly Division
Uttar Pradesh
#Sagar Construction


Aug 23, 2026 11:12:51 AM
28.52575275N 79.92605351E
40 Suhaas Road
Gajraula Kalan
Pilibhit
Bareilly Division
Uttar Pradesh
#Sagar Construction

Seen
EE

AE

JE